न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन, बॉसगॉव–गोरखपुर।

वाद संख्या– 315/2005

वासमती देवी––––––बनाम–––––––रामसेवक वगैरह

**<u>दिनांक 19.12.2022:–</u>**

पत्रावली प्रस्तुत। पुकार पर उभयपक्ष जरिए अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना–पत्र 138ग नियत है। प्रार्थना–पत्र 138ग वादिनी की ओर से इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि अमीन अदालत को मौके पर भेजकर प्रार्थना–पत्र में दर्शित सवालों का जवाब और नक्शा स्केली बनवा लिया जाए।

प्रार्थना–पत्र पर कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गयी है।

सुना, पत्रावली अवलोकित। मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों तथा न्यायहित को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थना–पत्र 138ग स्वीकार किए जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रार्थना–पत्र 138ग स्वीकार किया जाता है। वादी पैरवी अन्दर 3 दिन करे। बाद पैरवी अदालत अमीन को परवाना जारी हो। अदालत अमीन उक्त प्रार्थना–पत्र के प्रकाश में अपनी आख्या नियत तिथि 20.01.2023 के पूर्व प्रस्तुत करें। पत्रावली नियत तिथि को पेश हो। टी0आई0 नियत तिथि तक प्रभावी रहेगी।

सिविल जज (जू0डि0) बॉसगॉव, गो0